प्रादेशिक समाचार एकांश,

आकाशवाणी, भोपाल

<u>सांध्यकालीन समाचार</u>

दिनांक : 31.03.2025    समय : 07.10PM

मुख्य समाचार :-

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पिछले एक दशक में देश के स्वास्थ्य ढांचे का स्तर ऊंचा हुआ है।
- प्रदेश में परिवहन सेवाओं को और बेहतर बनाया जाएगा, कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ।
- कल से प्रदेशभर में राज्य स्तरीय "स्कूल चलें हम" अभियान।
- प्रदेश में मौसम बदला, अगले 24 घंटों में नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर और खंडवा में बारिश के साथ ओले गिरने की संभावना।

<u>अमित शाह– स्वास्थ्य</u>

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में पूरे देश में स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाकर देश के स्वास्थ्य ढांचे का स्तर ऊंचा किया है। गृह मंत्री हरियाणा के हिसार में महाराजा अग्रसेन चिकित्सा महाविद्यालय में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। श्री शाह ने कहा कि वर्ष 2013–14 में केंद्र का स्वास्थ्य बजट 37 हजार करोड़ रुपये था और वर्ष 2025–26 में यह एक लाख 37 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया।

अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के समय देश में सात अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान – एम्स थे, अब देश में 23 एम्स हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या 387 से बढ़कर 766 हो गई है। गृह मंत्री ने कहा कि एमबीबीएस सीटों की संख्या इक्यावन हजार से बढ़कर एक लाख 15 हजार हो गई है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्ष में एमबीबीएस की 85 हजार अतिरिक्त सीट जोड़ी जाएंगी।

<u>परिवहन व्यवस्था</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के ग्रामीण, शहरी और इंटरसिटी परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा प्रारंभ की जाएगी। मुख्यमंत्री आज अपने निवास स्थित समत्व भवन में नवीन परिवहन सेवा के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर प्रदेश के सभी जनजातीय क्षेत्रों में सुगम यात्री परिवहन के लिए सरकार हर जरूरी प्रयास करेगी। परिवहन सचिव मनीष सिंह ने नवीन परिवहन सेवा योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि नई परिवहन योजना में प्रदेश में यात्री बसों के संचालन की त्रि–स्तरीय मॉनिटरिंग की जाएगी।

पेंशन योजना–यूपीएस

केंद्र सरकार की एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस कल से लागू हो जाएगी। केंद्र सरकार ने यूपीएस को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया है। पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण ने हाल ही में यूपीएस के संचालन के लिए नियम अधिसूचित किए थे। ये नियम केंद्र सरकार के कर्मचारियों के तीन समूहों से संबंधित हैं। प्रथम समूह में पहली अप्रैल 2025 तक सेवा में एनपीएस के अंतर्गत कार्यरत केंद्र सरकार का कर्मचारी शामिल है। दूसरी श्रेणी में पहली अप्रैल 2025 या उसके बाद केंद्र सरकार में नए भर्ती हुए लोग शामिल हैं। तीसरी श्रेणी में एनपीएस का हिस्सा रहा केंद्र सरकार का कर्मचारी 31 मार्च या उससे पहले सेवानिवृत्त हुआ, चाहे वह नियमित सेवानिवृत्ति हो या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, वे यूपीएस के लिए पात्र हैं। इस योजना से केंद्र सरकार के लगभग 23 लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

स्टार्टअप

केंद्रीय कोयला खनन मंत्री जी किशन रेड्डी ने आज युवाओं से, खास तौर पर जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं से, अपने स्टार्टअप और उद्यम शुरू करने का आह्वान किया। हैदराबाद में विकासशील भारत उद्यमी नेटवर्क कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद बोलते हुए मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं को अपने उद्यम और स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, ताकि वे अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान कर सकें और वर्ष 2047 तक देश को विकसित देश बना सकें।
बाइट– जी किशन रेड्डी, केंद्रीय कोयला खनन मंत्री

"स्कूल चलें हम"

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल "स्कूल चलें हम" अभियान – 2025 का शुभारंभ करेंगे। भोपाल के शासकीय नवीन उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में इस अवसर पर राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम भी होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षा पोर्टल  3.0 का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश में करीब 92 हजार सरकारी स्कूल हैं। इनमें प्रायमरी, मीडिल, हाई और हायर सेकण्डरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में लगभग 85 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं। एजुकेशन पोर्टल में स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित सभी कार्यों को शामिल किया गया है। विभाग से संबंधित जानकारी पोर्टल के माध्यम से सुलभ तरीके से प्राप्त की जा सकेगी। प्रदेश  के सभी विद्यालयों में 1 से 4 अप्रैल  तक राज्य स्तरीय विशेष अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान स्कूल चलें हम अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी।

ईद–उल–फितर

ईद उल फित्र आज देश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। यह पर्व रमजान महीने के समापन को दर्शाता है। नमाज़ियों ने ईदगाहों और बड़ी मस्जिदों में नमाज अता कर एक–दूसरे को ईद की शुभकामनाएं दीं। लोग अपने रिश्तेदारों और परिजनों से मिल रहे हैं और एक–दूसरे को मिठाइयां और शुभकामनाएं दे रहे हैं। मुरैना,नर्मदापुरम,गुना सहित राज्य के सभी जिलों से ईद उल फित्र उल्लास के साथ मनाये जाने के समाचार मिले हैं।

मौसम

अप्रैल के शुरुआती तीन दिनों में प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। प्रदेश में ओले–बारिश और आंधी का मजबूत सिस्टम सक्रिय हो रहा है। जिसका असर प्रदेश के 40 से ज्यादा जिलों पर पड़ेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, 24 घंटे के बाद मध्य महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्र में चक्रवाती परिसंचरण प्रणाली सक्रिय होने की संभावना है। जिसके पठारी क्षेत्र में ट्रफ के कारण अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी आनी शुरू हो जाएगी, जिससे प्रदेश में भी मौसम बदला रहेगा। अबकी बार अप्रैल की शुरुआत तेज गर्मी की बजाय ओले, बारिश, गरज–चमक और आंधी के साथ हो रही है। कहीं–कहीं आंधी की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रतिघंटा तक रह सकती है। प्रदेश में एक अप्रैल को नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर और खंडवा में बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। हरदा, खरगोन, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा में तेज आंधी और गरज–चमक की स्थिति रहेगी। दो अप्रैल को नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, धार, अनूपपुर, डिंडोरी और बालाघाट में ओले गिरने का अलर्ट है। वहीं, तीन अप्रैल को बैतूल में ओले गिर सकते हैं।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में आज शाम साढे सात बजे मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस का मुकाबला कोलकाता नाइटराइडर्स से होगा। मेजबान मुंबई अभी भी टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत की तलाश में है, उसे अपने पिछले मैचों में गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स से हार का सामना करना पड़ा है।

आयुष्मान भारत योजना

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि आयुष्मान भारत योजना के तहत अब तक 15 करोड़ महिलाओं की ब्रेस्ट कैंसर की जांच की जा चुकी है। नई दिल्ली में ब्रेस्ट इमेजिंग सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित मिडटर्म बिसिकॉन–2025 को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश भर में 200 डेकेयर कैंसर सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि स्वस्थ जीवनशैली, जागरूकता, समय पर जांच और उपचार से ब्रेस्ट कैंसर की मृत्यु दर को कम करने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि जागरूकता की कमी के कारण इस बीमारी के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार इससे निपटने के लिए चिंतित और गंभीर है। हर साल भारत में कैंसर के 1.4 मिलियन नए मामले सामने आते हैं, जिनमें से लगभग दो लाख मामले स्तन कैंसर के होते हैं।

समाचार संक्षेप में :-

- राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आयुर्वेद में सिकल सेल उपचार अनुसंधान प्रयासों में पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट से सहयोग की अपेक्षा की है।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अखंड सौभाग्य, सुख, समृद्धि के पावन पर्व गणगौर की सभी को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि गणगौर सबके जीवन में संपन्नता, शुभत्व और मंगल की उत्तरोत्तर वृद्धि लेकर आए।
- संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग, राज्यमंत्री ने खंडवा ज़िले के ओंकारेश्वर स्थित गौमुख घाट पर सफाई अभियान का शुभारंभ किया।
- नर्मदापुरम जिले में 63 हजार 554 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन कराया है। जिले में बनाए गए 166 उपार्जन केन्द्रों पर 5 हजार 721 किसानों ने स्लॉट बुक किया है।

............................